Title: Need to provide financial assistance to Government of U.P. for free bore-well scheme for the benefit of poor people-Laid.

श्री राम सजीवन (बांदा): उत्तर प्रदेश का दक्षिणी भाग जो बुंदेलखंड के नाम से जाना जाता है उसके चित्रकूट मंडल के शामिल जिलों बांदा, चित्रकूट, महोबा एवं हमीरपुर में सन 2000-2001 में सूखा पीड़ित होने के कारण केन्द्र सरकार द्वारा राहत कार्यो एवं पेयजल समस्या के निदान हेतु कुछ धन की व्यवस्था की गई थी। सूखा राहत हेतु किसानों से भूमि राजस्व की वसूली स्थगित कर दी गई थी। अन्य कार्यो में तालाबों की खुदाई करके गहरा करना प्रस्तावित है।

सूखा से राहत पहुंचाने के लिए किसानों को फ्री बोर नलकूप योजना बड़ी तादाद में चलाना नितान्त आवश्यक है। लघु नलकूपों के निर्माण के लिए किसानों को राज्य सरकारों के मार्फत आर्थिक सहायता पहुंचानी चाहिए। सूखा राहत कार्यो के अन्तर्गत पेयजल की समस्या के निदान हेतु व्यापक पैमाने पर योजनाएं शुरू कराना वांछनीय है। हैण्ड पम्पों को अधिक संख्या में अधिक गहराई तक लगाना चाहिए, जिससे वे सूखा की मार झेल सकें। सूखा के कारण चारा पानी के अभाव में बड़ी तादाद में मवेशी मर जाते हैं। पेयजल की समस्या के निदान की योजना बनाते समय इस पहलू को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस निमित्त उत्तर प्रदेश राज्य सरकार को आवश्यक धन उपलब्ध कराये।